Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 03 अगस्त, 2022

मालदीव गणराज्य

मालदीव गणराज्य के **राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह** ने **02 अगस्त, 2022** को राष्ट्रपति भवन में **भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू** से भेंट की। मालदीव **हिंद महासागर** क्षेत्र में भारत का एक **प्रमुख साझेदार** और घनिष्ठ मित्र है। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत **सांस्कृतिक, आर्थिक** और **व्यापारिक** संबंध रहे हैं। मालदीव के दक्षिणी और उत्तरी भाग में दो महत्त्वपूर्ण **'सी लाइन्स ऑफ कम्युनिकेशन' (Sea Lines Of Communication- SLOCs)** स्थित हैं। ये **SLOC** पश्चिम एशिया में **अदन और होर्मुज़ की खाड़ी** तथा दक्षिण-पूर्व एशिया में **मलक्का जलडमरूमध्य** के बीच समुद्री व्यापार प्रवाह के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। भारत के विदेशी व्यापार का **लगभग** 50% और इसकी **ऊर्जा आयात का 80%** हिस्सा अरब सागर में इन **SLOCs** से होकर गुज़रता है। इसके अलावा भारत और मालदीव **दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) और दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC)** के सदस्य है। सरकार की **"नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी"** के अनुसार, मालदीव जैसे स्थिर, समृद्ध और शांतिपूर्ण देश के विकास के लिये भारत एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है।

लॉन बॉल टीम स्पर्द्धा

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल में भारत ने **चार पदक** अपने नाम किये। महिला लॉन बॉल्स में इतिहास रचते हुए **नयनमोनी सैकिया, पिंकी, लवली चौबे और रूपारानी तिर्की** की टीम ने **दक्षिण अफ्रीका** को **17-10** से हराकर **स्वर्ण पदक** जीता। इस प्रतियोगिता में **भारत ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता** है। इसके बाद **टेबल टेनिस** में भारत को जीत हासिल हुई, जब **साथियान ज्ञानशेखरन, शरथ कमल, हरमीत देसाई और सनिल शेट्टी** की टीम ने **सिंगापुर** को मात देकर एक और **स्वर्ण पदक** दिलाया। इंग्लैंड के **बर्मिंघम** में **28 जुलाई से 8 अगस्त** तक राष्ट्रमंडल खेलों के **वर्ष 2022** के संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। **पहले राष्ट्रमंडल खेल का आयोजन वर्ष 1930 में हैमिल्टन, कनाडा** में किया गया था, जहाँ 11 देशों ने छह खेलों और 59 कार्यक्रमों में भाग लेने के लिये 400 एथलीटों को भेजा था। **वर्ष 1930** से हर **चार वर्ष के अंतराल** पर (द्वितीय विश्व युद्ध के कारण वर्ष 1942 और वर्ष 1946 को छोड़कर) इन खेलों का आयोजन किया जाता है।

प्रेसिडेंट्स कलर्स

भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री **एम के स्टालिन को** चेन्नई के राजारथिनम स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में तमिलनाडु पुलिस के लिये **"प्रेसिडेंट्स कलर्स"** प्रदान किया गया। तमिलनाडु पुलिस "प्रेसिडेंट्स कलर्स" प्राप्त करने वाली भारत में कुछ कानून प्रवर्तन एजेंसियों में से एक बन गई है। इस उपलब्धि हेतु सेवारत प्रत्येक पुलिस अधिकारी को एक पदक दिया जाएगा। **दरअसल तमिलनाडु पुलिस भारत में सबसे बेहतरीन पुलिस बलों में से एक है।** यह अनुकरणीय सेवा देने हेतु प्रसिद्ध है। साथ ही **तमिलनाडु भारत की पहली महिला कमांडो यूनिट को स्थापित करने वाला राज्य भी है। प्रेसिडेंट्स कलर्स भारत में किसी भी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।** प्रेसिडेंट्स कलर्स पुरस्कार को **निशान** भी कहा जाता है, जो सभी यूनिट अधिकारियों द्वारा उनकी वर्दी के बाएँ हाथ की आस्तीन पर पहने जाने वाले प्रतीक का प्रतिनिधित्व करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-03-august-2022